# पी0 एन0 जी0, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर
## नैनीताल (उत्तराखण्ड)

Email- principal_pngrmr@yahoo.co.in Web add- www.gpgcramnagar.org


पत्रांकः /नीलामी/ निविदा/ 2023–24 दिनांक– 20–01–2024

एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पी0 एन0जी0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर में जहां है, जैसा है की स्थिति में विद्यमान निष्प्रयोज्य लौह सामग्री इत्यादि की नीलामी हेतु निविदाएं 21 फरवरी 2024 को अपरान्ह 4.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं शर्तों इस महाविद्यालय की वेबसाइट https://www.gpgcramnagar.org से प्राप्त कर सकते हैं। **पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से भेजे गए कोटेशन ही स्वीकार्य होंगे।**

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रामनगर (नैनीताल)

**पृ0सं0– 668-73/क्रीड़ा सामग्री/निविदा/2023–24 तददिनांक।**
प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. तहसील कार्यालय, रामनगर (नैनीताल), नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
2. नगरपालिका कार्यालय, रामनगर (नैनीताल), नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
3. सम्पादक उत्तर उजाला, शाखा–रामनगर को शासकीय दरों पर प्रकाशनार्थ।
4. सम्पादक अमर उजाला, शाखा–रामनगर को शासकीय दरों पर प्रकाशनार्थ।
5. सम्पादक दैनिक जागरण, शाखा–रामनगर को शासकीय दरों पर प्रकाशनार्थ।
6. डा0 दीपक खाती को उक्त सूचना वेबसाइट में अपलोड करने के संबंध में।
7. महाविद्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रामनगर (नैनीताल)

O/C

# पी0 एन0 जी0, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर
नैनीताल (उत्तराखण्ड)

Email- principal_pngrmr@yahoo.co.in Web add- www.gpgcramnagar.org


पत्रांकः /नीलामी/ निविदा/ 2023–24 दिनांक– 20–01–2024

## महाविद्यालय में विद्यमान निष्प्रयोज्य/अनुपयोगी लौह सामग्री एवं इत्यादि की नीलामी हेतु निविदा आमंत्रण

सत्र 2023–24 में महाविद्यालय में विद्यमान बेकार/ निष्प्रयोज्य लौह/लकड़ी/प्लास्टिक सामग्री इत्यादि, जो सभागार कक्ष के पुनर्निर्माण के पश्चात निष्प्रयोज्य अनुपयोगी लौह व लकड़ी सामग्री तथा पी0जी0 की खराब पानी की टंकियों इत्यादि के विक्रय के लिए जहाँ है, जैसा है, के आधार पर निम्नांकित शर्तों एवं नियमों पर मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है तथा निविदा जमा एवं खोलने सम्बन्धी विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र0 सं0 | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | निविदा जारी करने की तिथि | 22.01.2024 |
| 2 | वेबसाइटस में निविदा प्रपत्र उपलब्ध | www.gpgcramnagar.org |
| 3 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 21.02.2024 (4.00 बजे तक) |
| 4 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 22.02.2024 (2.00 बजे) |
| 5 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 22.02.2024 (तकनीकी निविदा के तुरंत बाद) |
| 6 | वस्तुओं का निरीक्षण हेतु निर्धारित तिथि एवं समय | 24 जनवरी 2024 से 03 फरवरी 2024 तक प्रातः 11.00 बजे से लेकर सांय 04.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस पर |
| 7 | निरीक्षण हेतु संपर्ककर्ता | **प्रो0 आर0डी0सिंह,**<br>मनोविज्ञान विभाग<br>मो0– **9917903570** |
| 8 | निविदा प्रपत्र की धनराशि जी0एस0टी0 सहित | 500.00 (रू0 पांच सौ मात्र) |

1. पंजीकृत फर्मो से टू–बिड सिस्टम के तहत **राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर (नैनीताल) में अनुबंध की तिथि से एक वर्ष** हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है।
2. मुहरबन्द निविदाएं, प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर (नैनीताल) के नाम से **पंजीकृत/स्पीड डाक द्वारा ही स्वीकार की जायेंगी।** उपरोक्त तिथि के बाद पहुँचने वाली निविदाएं स्वीकार नहीं की जायेंगी।

**3. सामान्य नियम तथा विनियम–**

1. वस्तुएं सबसे ऊँची बोली लगाने वाली फर्म या क्रेता को बेची जाएंगी। सभी सामग्री के लिए बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। अनुबंध 'बी–1' में विस्तृत वस्तुओं की सूची में संपूर्ण रूप से शामिल है। और इसके किसी भी हिस्से के लिए कोई बोली स्वीकार नही की जाएगी।
2. एक बार सफल बोली लगाने वाले को कोई भी वस्तु किसी भी शर्त पर इस विभाग द्वारा वापस नहीं ली जाएगी।
3. अग्रिम भुगतान किए जाने के पश्चात ही विक्रय की गई सामग्री को महाविद्यालय से बाहर ले जाने दिया जायेगा।
4. सफल बोली लगाने वाले को शेष राशि के भुगतान के पांच दिनों के भीतर परिसर से सभी सामान को उठाना होगा। ऐसा करने में विफल रहने पर इस कार्यालय को बोली लगाने वाले की पूरी राशि जब्त करने और वैकल्पिक बोली लगाने वाले के माध्यम से वस्तुओं का विक्रय करने का अधिकार होगा।
5. सफल बोलीदाता को अपनी लागत पर निस्तारित वस्तुओं के लिए परिवहन, मजदूर आदि की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
6. वित्तीय बोली अंकों और शब्दों दोनों में दी जानी होगी, अंको में किसी भी तरह की ओवरराइटिंग या मिटाने पर निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तावित दरों को स्वीकार करने पर विचार नहीं किया जाएगा।
7. किसी भी कर की अदायगी क्रेता द्वारा की जाएगी।

**4. निविदा प्रकिया और हेल्पडेक्स**

- निविदा फार्म को महाविद्यालय की वेबसाईट www.gpgcramnagar.org से डाउनलोड किया जा सकता है या महाविद्यालय के कार्यालय से क्रय किया जा सकता है ।
- यदि निविदा की शर्तों एवं दिनांक में कोई संशोधन किये जाने की स्थिति निर्मित होती है तो इसकी सूचना महाविद्यालय की वेबसाईट पर दी जायेगी। इस हेतु पृथक से समाचार पत्रों में संशोधन की सूचना जारी नहीं की जायेगी।

**5. जमानत राशि/ई0एम0डी0**

- निविदा प्रपत्र के साथ सुरक्षा निधि राशि रु.5,000/–( रुपये पांच हजार मात्र) है। इसे डिमांड ड्राफ्ट जो **प्राचार्य, पी0एन0जी0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर, नैनीताल** के पक्ष में देय हो, के माध्यम से जमा किया जाना है।
- स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई धरोहर राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।
- स्वीकृत निविदा फर्म की धरोहर राशि को सक्योरिटी डिपाजिट के तहत समायोजित किया जायेगा। के.वि.सं. के एकाउंट कोड 180 (iv) के अन्तर्गत बिना अर्नेस्ट मनी डिपाजिट के जो कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
- जो निविदा मान्य नहीं होगी उनकी सुरक्षा निधि राशि लौटा दी जायेगी।

**6. कार्यस्थल का निरीक्षण–**

- बोलीदाता नीलामी की जानी वस्तुओं को देखने के लिए 24 जनवरी 2024 से 03 फरवरी 2024 तक प्रातः 11.00 बजे से लेकर सांय 04.00 बजे तक किसी भी कार्य

दिवस पर पूर्वानुमति लेने के बाद नीलामी संबंधी वस्तुओं का निरीक्षण कर सकता है। इस उद्देश्य के लिए **प्रो0 आर0 डी सिंह** से संपर्क किया जा सकता है। तथ्यों की जानकारी न होने के लिए महाविद्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**7. निविदा जमा की प्रक्रिया**

- निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं सुरक्षा निधि राशि प्राप्त होने पर ही फर्म की तकनीकी निविदा को खोला जायेगा।
- तकनीकी तथा वित्तीय निविदाओं को पृथक–पृथक लिफाफे में रखा जाए तथा संबंधित लिफाफे के ऊपर बिड का नाम लिखना होगा।
- **तकनीकी निविदा–** तकनीकी निविदा में ए–1 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज को अलग ए–1 तकनीकी निविदा वाले लिफाफे में रखा जाए।
- **वित्तीय निविदा–** तकनीकी निविदा में योग्य पायी जाने वाली फर्मों की ही वित्तीय निविदा खोली जाएगी। वित्तीय निविदा में बी–1 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेजों को अलग बी–1 वित्तीय निविदा वाले लिफाफे में रखे जाए।
- निविदा प्रपत्र और सहायक दस्तावेजों के सभी पृष्ठ स्वप्रमाणित होने चाहिए।

**9. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि–**

- निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 21.02.2024 के अपरान्ह 4.00 बजे है।
- लिफाफे के ऊपर मोटे अक्षरों में **"महाविद्यालय में विद्यमान निष्प्रयोज्य/अनुपयोगी लौह सामग्री एवं इत्यादि के क्रय हेतु निविदा"** स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए।

**10. निविदा खोलना तथा मूल्यांकन**

- निविदा प्राचार्य द्वारा अधिकृत अधिकारियों द्वारा दिनांक 22.02.2024 को 2.00 बजे प्राचार्य कार्यालय में बोलीदाताओं या बोली लगाने वाले या उनके द्वारा विधिवत अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेगी।
- सभी निविदाओं की स्क्रूटनी की जायेगी उनकी पात्रता के लिए संबंधित दस्तावेजों की जांच की जायेगी।

**13. अधिकार क्षेत्र**

- प्राचार्य को यह अधिकार होगा कि वह किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त कर दे।
- न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार रामनगर न्यायालय होगा।

उपरोक्त समस्त शर्तें मुझे मान्य है। मैं कथन करता/करती हूं कि निविदा प्रपत्र में मेरे द्वारा अंकित जानकारी सत्य है एवं इसकी सभी नियम एवं शर्तें मुझे मान्य है।

निविदाकर्ता का नामः.........................................................
पता :.................................................
:.........................................................
हस्ताक्षर एवं मुहर

# पी0 एन0 जी0, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर
## नैनीताल (उत्तराखण्ड)

Email- principal_pngrmr@yahoo.co.in Web add- www.gpgcramnagar.org


प्रपत्र ए–1

## तकनीकी बिड

महाविद्यालय में विद्यमान निष्प्रयोज्य/अनुपयोगी लौह सामग्री एवं इत्यादि के क्रय की प्रक्रिया में प्रतिभाग करने हेतु आवश्यक विवरण

| क्रं.सं | विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | फर्म का नाम | |
| 2. | पत्र व्यवहार का पता | |
| 3. | दूरभाष/मो. न. | |
| 4. | आधार नम्बर( आधार कार्ड की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी संलग्न होनी चाहिए ) | |
| 5. | पैन कार्ड नम्बर( पैन कार्ड की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी संलग्न होनी चाहिए ) | |
| 6. | निविदाकर्ता का पंजीकरण संख्या (पंजीकरण प्रमाणत्र की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी संलग्न होनी चाहिए ) | |
| 7. | डिमांड ड्राफ्ट संख्या तथा दिनांक | |
| | ई0एम0डी0 धनराशि | |
| | बैंक का नाम | |
| 8. | जी0एस0टी0 नम्बर | हां/नहीं |
| | यदि हां, तो पंजीकरण की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी संलग्न की जानी चाहिए | |

फर्म स्वामी का नाम

हस्ताक्षर

मुहर

दिनांक

# पी0 एन0 जी0, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर
नैनीताल (उत्तराखण्ड)

Email- principal_pngrmr@yahoo.co.in Web add- www.gpgcramnagar.org


प्रपत्र बी–1

## वित्तीय बिड

कृपया निम्न तालिका के अनुसार दरें प्रस्तुत करें।

| क्र0 सं0 | सामग्री का विवरण | संख्या | दर (प्रति सामग्री) | मूल्य | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंको में | शब्दों में |
| 1. | TIN Shed (Full Size) | 125 Nos. | | | |
| 2 | TIN Shed (Half Size) | 68 Nos. | | | |
| 3 | Doors | 10 Nos. | | | |
| 4 | Plastic Water Tank | 18 Nos. | | | |
| कुल योग | | | | | |

फर्म का नाम

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

अधिकृत का नाम

दिनांक

स्थान–